मेरी डूबी कश्ती को सहारा ना मिलता लिरिक्स

मेरी डूबी कश्ती को,
सहारा ना मिलता,
अगर श्याम तेरा,
सहारा ना मिलता,
मुझको ये जीवन,
दौबारा ना मिलता,
अगर श्याम तेरा,
सहारा ना मिलता।bd।

ज़माने में मेरा,
ठिकाना नहीं था,
मेरे जीने का कोई,
बहाना नहीं था,
फिर दर ब दर,
चैन कहीं भी ना पाया,
मेरे दिल ने धोखा,
धोखा ही खाया,
तुझे धोखो का ये,
मारा ना मिलता,
अगर श्याम तेरा,
सहारा ना मिलता।bd।

किसे दिल की बातें मैं,
अपनी सुनाता,
जख्म अपने दिल के,
किसे मैं दिखाता,
जिसे मैंने अपने,
दिल की सुनाई,
उसी ने हंसी मेरी,
श्याम उड़ाई,
मुझे जिंदगी का,
गुजारा ना मिलता,
अगर श्याम तेरा,
सहारा ना मिलता।bd।

सभी से भरोसा,
मेरा उठ गया था,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

‘शर्मा’ को बाबा,
यूँ लग रहा था,
नहीं है ये दुनिया,
जीने के काबिल,
अगर तेरी चोखट जो,
ना होती हासिल,
तुझे दुनिया का ये,
हारा ना मिलता,
अगर श्याम तेरा,
सहारा ना मिलता।bd।

मेरी डूबी कश्ती को,
सहारा ना मिलता,
अगर श्याम तेरा,
सहारा ना मिलता,
मुझको ये जीवन,
दौबारा ना मिलता,
अगर श्याम तेरा,
सहारा ना मिलता।bd।

Singer – Ram Kumar Lakkha

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com